Literacy for a Billion

Movie: Sarfarosh
Year: 1999

Song: Is Deewane Ladke Ko
Lyricist: Sameer

इस दीवाने लड़के को
कोई समझाए
प्यार मोहब्बत से ना जाने
क्यों ये घबराए

इस दीवाने लड़के को
कोई समझाए
प्यार मोहब्बत से ना जाने
क्यों ये घबराए

दर्दे दिल जाने ना
पास मैं जितना आऊँ
उतनी दूर ये जाए
जाए हाँ जाए
इस दीवाने लड़के को
कोई समझाए
प्यार मोहब्बत से ना जाने
क्यों ये घबराए

रंग ना देखे रूप ना देखे
ये जवानी की धूप ना देखे

अर्ज़ है
कुछ मजनूँ बने
कुछ रांझा बने
कुछ रोमियो
कुछ फ़रहाद हुए
इस रंग रूप की चाहत में
जाने कितने बरबाद हुए

वो देखो

इश्क़ में इसके बावरी हूँ मैं
ये भला है तो क्या बुरी हूँ मैं
ये लड़का है फिर भी
जाने क्यों शरमाए
जाने क्यों शरमाए
हाय शरमाए

इस दीवाने लड़के को
कोई समझाए
प्यार मोहब्बत से ना जाने
क्यों ये घबराए

जानती हूँ मैं
ये तड़पता है
प्यार में इसका दिल
धड़कता है

जिसे देखो दिल की
धुन ही रमाता है
अरे ये मंदिर नहीं है
शिवाला नहीं है
हसीनों से कह दो
कहीं और जाएँ
मेरा दिल है दिल
धर्मशाला नहीं है

ये अकेले में

आह भरता है
फिर भी कहने से
ये क्यों डरता है
सच कुछ भी बोले ना
झूठी बात बनाए
झूठी बात बनाए
हाँ बनाए

इस दीवाने लड़के को
कोई समझाए
प्यार मोहब्बत से ना जाने
क्यों ये घबराए

दर्दे दिल जाने ना
पास मैं जितना आऊँ
उतनी दूर ये जाए
जाए हाँ जाए

इस दीवाने लड़के को
कोई समझाए
प्यार मोहब्बत से ना जाने
क्यों ये घबराए

फूल खिलते हैं
बहारों का समां होता है
ऐसे मौसम में ही
तो प्यार जवां होता है
दिल की बातों को
होंठों से नहीं कहते
ये फ़साना तो
निगाहों से बयां होता है

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.